PDF.js viewer
17-1002(099)/4/2021-मत्स्य अनुभाग 1-मुद्रित अनुलग्नक
https://sud.upoffice.gov.in/efile/assets/pdfjs-2.16.105-dist/web/
1/905943/202

संख्याः 7 /2025/ 423/ सत्रह-म-2025-17-1002(099)/4/2021

प्रेषक,

हरीश कुमार,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक मत्स्य,
उ0प्र0 लखनऊ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग लखनऊः दिनांकः 18 मार्च, 2025

विषयः वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या- 83 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग हेतु कुल धनराशि रू0 1417.13334 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 112/नि0शा0/MMSY/SNA/ 2024-25 दिनांक 04 मार्च, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या- 83, 2405- मछली पालन, 789- अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, 01- केन्द्र प्रायोजित योजनाएं, 0103- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पी0एम0एम0एस0वाई0)' (के036/रा0-24/ लाभार्थी 40के0) 20- सहायता अनुदान-सामान्य( गैरवेतन) में कुल धनराशि रू0 1417.13334 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के का अनुरोध किया गया है।

2- अतः इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अनुदान संख्या-83, 2405- मछली पालन, 789- अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना,01- केन्द्र प्रायोजित योजनाएं, 0103- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पी0एम0एम0एस0वाई0)- (के036/रा0-24/ लाभार्थी- 40के0) 20- सहायता अनुदान- सामान्य (गैरवेतन) मद में धनराशि रू0 14 17.13334 लाख (रुपये चौदह करोड़ सत्तरह लाख तेरह हजार तीन सौ चौंतीस मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(1) केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश/दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का दायित्व महानिदेशक मत्स्य / सम्बंधित अधिकारी का होगा।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय राज्य सरकार तथा भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार योजना की गाइडलाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(3) धनराशि का व्यय केवल उन्हीं मदों पर किया जायेगा जिस मद के लिए धनराशि

स्वीकृत की जा रही है।

(4) भारत सरकार के पत्र दिनांक-17-01-2025 एवं अन्य सुसंगत दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) आंकड़ों की शुद्धता का दायित्व महानिदेशक मत्स्य/ सम्बंधित अधिकारी का होगा।

(6) इस योजना में स्वीकृत धनराशि का अन्य संचालित योजनाओं के मदों में व्यय हेतु जारी स्वीकृतियों से द्विरावृति न हो।

(7) यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के नियंत्रण पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है।

(8) जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

(9) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण योजना की गाइडलाइन एवं तद्विषयक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(10) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययता के सबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग 1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/ दस-2024-231/2024, दिनांक-04.03.2024 एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

3- उक्त होने वाला व्यय धनराशि रु0 1417.13334 लाख (रुपये चौदह करोड़ सत्तरह लाख तेरह हजार तीन सौ चौंतीस मात्र) वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या- 83, लेखाशीर्षक 2405-मछली पालन, 789- अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, 01- केन्द्र प्रायोजित योजनाएं, 0103- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पी0एम0एम0एस0वाई0)' (के036/रा0-24/लाभार्थी-40के0) 20- सहायता अनुदान-सामान्य (गैरवेतन) के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के शासकीय संख्या- E-1-501-X-2024-25-दिनांक:11-3-2025 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

Signed by Harish Kumar Ashok
(हरीश कुमार)
Date: 12-03-2025 16:36:27
अनु सचिव।

संख्या- 7 / 2025 /423 (1) / सत्रह-म-2025 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।

2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।

3- मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन उ0प्र0 लखनऊ।

4- उप निदेशक मत्स्य(नियोजन) मत्स्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।

5- वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।

6- सम्बधित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1 /वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 /नियोजन अनुभाग-3।

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरीश कुमार)
अनु सचिव।